तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 709/2018 अनवान नभी बनाम इसमत**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
29/07/22	वकील प्रार्थीनीगण द्वारा एक आवेदन अन्तर्गत धारा 151 सीपीसी का प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया है कि हस्तगत प्रकरण में आदेश दिनांक 20.07.2022 पारित करते वक्त ग्राम पंचायत झणकली द्वारा पारित नामान्तकरण संख्या 943 दिनांक 08.07.2017 को निरस्त कर तहसीलदार शिव को रिमाण्ड की है, जबकि उक्त नामान्तकरण को निरस्त किया जाकर तहसीलदार गडरा रोड के क्षेत्राधिकार में होने से तहसीलदार गडरा रोड को रिमाण्ड किये जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थीनीगण को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आदेश दिनांक 20.07.2022 पारित करते वक्त ग्राम पंचायत झणकली द्वारा पारित नामान्तकरण संख्या 943 दिनांक 08.07.2017 को निरस्त कर तहसीलदार शिव स्थान पर तहसीलदार गडरा रोड को रिमाण्ड किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः वकील प्रार्थीनीगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र धारा 151 सीपीसी के अन्तर्गत स्वीकार किया जाकर आदेश दिनांक 20.07.2022 में ग्राम पंचायत झणकली द्वारा पारित नामान्तकरण संख्या 943 दिनांक 08.07.2017 को निरस्त कर तहसीलदार शिव स्थान पर तहसीलदार गडरा रोड शुद्ध किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (SDO) बाड़मेर	